समाचार

शिव मंदिर निर्माण कार्य की आधारशिला रखी महापौर ने

(कुमगरी बस्ती में जनसंपर्क कर जाना लोगों का हालचाल)

कोरबा 18 अगस्त 2015 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने सोमवार 17 अगस्त को निगम क्षेत्र की कुमगरी बस्ती में भगवान शिव के मंदिर निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। उन्होने कुमगरी बस्ती में जनसंपर्क कर नागरिकों से भेंट की तथा उनका हाल चाल लेते हुए समस्याओं की जानकारी प्राप्त की, साथ ही समस्याओं के निराकरण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिये।

नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 47 कुमगरी बस्ती में वहां के निवासी जयमंगल सिंह कंवर द्वारा दान में दी गई भूमि पर ग्रामवासियों द्वारा भगवान शिव के मंदिर का निर्माण कराया जाना है। पवित्र मास सावन के तीसरे सोमवार के पावन अवसर पर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने कुमगरी बस्ती पहुंचकर भगवान शिव के मंदिर निर्माण की आधारशिला रखी। उन्होने निर्माण कार्य हेतु विधिवत भूमिपूजन किया तथा ग्रामवासियों को मंदिर निर्माण की अपनी शुभकामनाएं देते हुए ग्रामवासियों की सुख–समृद्धि एवं अमनचैन की कामना भगवान शिव से की। भूमिपूजन कार्यक्रम के पश्चात महापौर श्रीमती अग्रवाल ने काफी संख्या में उपस्थित महिलाओं एवं वहां के पुरूष नागरिकों से चर्चा कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान ग्राम वासियों ने डुमरमुड़ा से कुमगरी तक सड़क निर्माण के संबंध में महापौर से अनुरोध किया। महापौर श्रीमती अग्रवाल ने बताया कि उक्त सड़क निर्माण हेतु निविदा की कार्यवाही कर दी गई है तथा वर्षा ऋतु समाप्त होते ही सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। कुमगरी बस्ती स्थित तालाब में पचरी का निर्माण कार्य भी विधायक मद से कराया जाना है, कोरबा विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल द्वारा कुमगरी प्रवास के दौरान विधायक मद से 03 लाख रूपये देने की घोषणा की गई थी, पचरी निर्माण की कार्यप्रक्रिया भी प्रगति पर है। इस मौके पर महापौर श्रीमती अग्रवाल ने कहा कि यह लक्ष्य रखा गया है कि निगम क्षेत्र की सभी बस्तियों एवं मोहल्लों तक बिजली जैसी आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराई जाए, इस हेतु निगम द्वारा सतत रूप से आवश्यक कार्यवाही की जा रही है तथा निकट भविष्य में निगम क्षेत्र की सभी बस्तियों में बिजली की सुविधा उपलब्ध करा दी जाएगी। उन्होने कहा कि आमजन की समस्याओं का निराकरण तथा उन्हें आवश्यक मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

कार्यक्रम के दौरान सभापति धुरपाल सिंह कंवर, जिला कांग्रेस कमेटी के शहर जिलाध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद, महिला कांग्रेस की शहर जिलाध्यक्ष सपना चौहान, महिला प्रदेश कांग्रेस महासचिव कुसुम द्विवेदी, मेयर इन काउंसिल सदस्य दिनेश सोनी, पूर्व सभापति संतोष राठौर, समाज सेविका मंगल बुधिया, पार्षद अंतराम प्रजापति एवं मस्तुल सिंह कंवर, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, रमेशदास महंत, प्रभात सिंह कंवर, अशीष अग्रवाल, बंधन सिंह, किशन कैवर्त, लगनी बाई महंत, रेखा भट्ट, पूजा भट्ट, पिंकी भट्ट, रतन यादव, शिव कुमार, लोचन दास, प्रेमबाई कंवर, सकीला कंवर, आंगनबाई, जयमंगल सिंह, भारत सिंह, उमेन्द्र दास, अशोक दास, हेमंत कैवर्त, बलदेव प्रसाद आदि के साथ काफी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

(